हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 196 कानपुर, गुरुवार 14 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

**नगर आयुक्त ने 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम, सफाई न मिलने पर सैलरी काटने के आदेश**

## प्रधानमंत्री मोदी ने की राष्ट्रपति से मुलाकात, 24 जुलाई को पूरा हो रहा है कोविंद का कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। पीएम मोदी मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे और दोनों के बीच विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात का विस्तृत ब्योरा अभी नहीं मिला है। राष्ट्रपति कोविंद का कार्यकाल 11 दिन बाद 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट कर सिर्फ इतना बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। बता दें, देश में नए राष्ट्रपति के चुनाव का प्रचार चल रहा है। 18 जुलाई को मतदान होगा और 21 जुलाई को नतीजे आएंगे। इस पद के लिए एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला विपक्ष के साझा प्रत्याशी यशवंत सिन्हा से है।



## गुरु पूर्णिमा पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वाल्मीकि मंदिर में की पूजा-अर्चना



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा मंदिर मार्ग स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना की. उन्होंने यहां तकरीबन आधे घंटे तक समय बिताया और पूजा–अर्चना के बाद वहां के लोगों का हाल–चाल जाना । बता दें कि वाल्मीकि मंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक अप्रैल 1946 से जून से 1947 के दौरान 214 दिन बिताए थे. इसी मंदिर में गांधीजी प्रार्थना करते थे. अब रोजाना देश के अलग–अलग राज्यों से लोग इस जगह को देखने पहुंचते हैं. वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती पर इसी वाल्मीकि मंदिर के समीप से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी ।

## विदेश मंत्री ने बताया दुनिया को संतुलित करने में संस्कृति का योगदान, कहा– यही बात भारत को फायदा दिलाएगी




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत को फायदा पहुंचाने वाले कारणों को गिनाया। जयशंकर ने कहा कि आज के समय में कोई देश विनम्र शक्ति (सॉफ्ट पावर) बनकर क्या करता है, यह इस पर निर्भर करता है कि वह कितना ताकतवर है। यह प्रक्रिया कभी–कभी धीरे और निरंतर हो सकती है और कभी–कभी आक्रामक। विनम्र शक्ति हमेशा आख्यान गढ़ने, छवि बनाने और स्तर–सम्मान तय करने का काम करती है। जयशंकर ने आगे कहा, एक विदेश मंत्री के तौर पर मुझे लगता है कि आज दुनिया को संतुलित करना बेहद जरूरी है। हमने इतिहास में देखा है कि कैसे ताकतवर देश, जो कि विनम्र शक्ति नहीं बन पाए, वहां कैसे राजनीतिक बदलाव हो गए। दुनिया को फिर संतुलित करने में संस्कृति सबसे अहम है। यही बात भारत के फायदे वाली है।

## राजनाथ सिंह बोले– रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दौर से गुजर रहा भारत

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक संक्रमणकालीन दौर देख रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि उनकी कंपनिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से हैं। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, राजनाथ सिंह ने यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 2025 तक 1.75 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसमें 35,000 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) 70–80 प्रतिशत के योगदान के साथ इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सीएमडी (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) और एनओडी (गैर–आधिकारिक निदेशक) से काम करने का आग्रह किया। बयान के मुताबिक उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनकी कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में जगह मिले।रक्षामंत्री ने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा की गई विभिन्न पहलों को सूचीबद्ध किया, जिसमें रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 के तहत रक्षा उपकरणों और प्लेटफार्मों की अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाना, स्वचालित और सरकारी मार्ग के तहत एफडीआई सीमा को 74 प्रतिशत तक और 100 प्रतिशत तक बढ़ाना शामिल है।



## छात्रवृत्ति मामला पर वित्तीय अनियमितताओं की होगी व्यापक जांच, सीएम मान बोले- दोषियों पर कार्रवाई जरूर करेंगे

अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में अनियमितताओं की व्यापक जांच होगी। पंजाब सरकार इस मामले में बेहद सख्त है। मुख्यमंत्री भगवंत मान बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। उन्होंने इस मामले से जुड़ी फाइलें मंगवाई और उनकी जांच की। जांच में अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। सरकार ने व्यापक जांच का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पिछली सरकार में कितनी धनराशि जारी की गई है, इससे जुड़ी जानकारी जुटाई और फाइलों को देखा। सीएम ने कहा कि हम दोषियों पर कार्रवाई जरूर करेंगे । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पहले से ही इस घोटाले की जांच कर रही है। इस मामले में अभी तक कई संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की जा चुकी है। हालांकि विधानसभा चुनाव के कारण यह घोटाला ठंडे बस्ते में चला गया था लेकिन अब नई सरकार ने एक बार फिर मामले को लेकर फाइल तलब कर ली है। कहा यह भी जा रहा है कि पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत पर शिकंजा कसा जा सकता है। बता दें कि पिछली पंजाब सरकार में कथित घोटाले का मामला सामने आया था। तब मंत्री साधु सिंह धर्मसोत पर सवाल उठे थे। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के वजीफे में घोटाले के भी आरोप लगे थे। यह घोटाला 2019 में पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री साधु सिंह धर्मसोत के कार्यकाल के दौरान सामने आया था, जब तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय) कृपा शंकर सरोज ने अपनी रिपोर्ट में अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति के वितरण में 55.71 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। यह खुलासा किया गया कि निजी संस्थानों को 16.91 करोड़ रुपये गलत तरीके से वितरित किए गए थे।



## सीएम योगी ने सुनी फरियाद, बोले– थाने पर ही निपटाया जाए मामला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक बार फिर दोहराया कि थाना और तहसील स्तर के मामलों का निस्तारण वहीं किया जाए। इसमें लापरवाही करने वाले अफसरों को चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस व प्रशासन के आला अफसरों से कहा कि छोटे– छोटे मामलों का निस्तारण यदि जिला, तहसील और थाना स्तर पर होता तो लोग इतनी दूर से यहां जनता दरबार में नहीं आते। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जिला कार्यालयों, तहसीलों और थानों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से त्वरित निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम में जनता दरबार लगाया और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। गुरु गोरखनाथ के दर्शन–पूजन के बाद मुख्यमंत्री सुबह करीब आठ बजे जनता दरबार में आए। उन्होंने 100 से अधिक फरियादियों से उनकी समस्याएं सुनीं और शिकायती पत्र लेकर संबंधित अफसरों को तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया। महिला फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों को उन्होंने चाकलेट देकर दुलारा।वहीं आज बृहस्पतिवार की सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। फिर सुबह 10 बजे मानसरोवर मंदिर में जाकर विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहां से निकलने के बाद सुबह 11 बजे तारामंडल स्थित योगी राज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कोटेदारों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यहां कोटेदारों का कमीशन बढ़ाने की घोषणा भी कर सकते हैं। इसके बाद वह लखनऊ प्रस्थान कर जाएंगे। सावन के पहले दिन यानी आज 14 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी, पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाले मानसरोवर शिव मंदिर और वहीं पर स्थित रामलीला मैदान अंधियारी बाग के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे। मानसरोवर शिव मंदिर को सजाने–संवारने में 6 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसी तरह मानसरोवर शिव मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान (अंधियारी बाग) का जीर्णोद्धार तथा सुंदरीकरण 1. 64 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। रामलीला मैदान में स्थित डॉ बीआर आंबेडकर की प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण भी कराया गया है।



## कन्हैया लाल हत्याकांड- चार आरोपियों को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में किया गया शिफ्ट, एनआईए ने मारे छापे

राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल हत्याकांड से जुड़े चार आरोपियों को बुधवार को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट कर दिया गया है. मंगलवार को अदालत ने इन चारों आरोपियों को एक अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था. इसके साथ ही, इस हत्याकांड के सात आरोपियों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सामने पेश किया गया. एनआईए ने उदयपुर में कई स्थानों पर छापेमारी की.

### एक अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए चारों आरोपी

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कन्हैया लाल हत्याकांड मामले में अदालत की ओर से चार आरोपियों को एक अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बुधवार को उन्हें अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट कर दिया गया है.

जिन आरोपियों को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट किया गया है, उनमें मोहसिन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन और वसीम अली शामिल हैं. विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने बताया कि अदालत ने कन्हैया लाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी रियाज अख्तरी, गौस मोहम्मद और फरहाद मोहम्मद शेख को 16 जुलाई तक पुलिस रिमांड में भेजा है.

### 28 जून को कन्हैया लाल की हुई थी हत्या

बता दें कि टेलर कन्हैया लाल की 28 जून को उनकी दुकान के अंदर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी. रियाज अख्तरी द्वारा किए गए भीषण हमले को गौस मोहम्मद ने एक फोन के जरिये रिकॉर्ड किया और वीडियो को ऑनलाइन पोस्ट किया था.

दोनों ने बाद में एक वीडियो में कहा था कि उन्होंने इस्लाम के कथित अपमान का बदला लेने के लिए कन्हैया लाल की हत्या कर दी.

इन दोनों को उसी दिन पकड़ लिया गया.

# सम्पादकीय

## विदेशी मुद्रा का प्रबंधन जरूरी

बीते आठ महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयर और बॉन्ड की बिकवाली कर लगभग 40 अरब डॉलर भारत से निकाल लिया है. इसी अवधि में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 52 अरब डॉलर की कमी हुई है. अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट जारी है. निर्यात की अपेक्षा आयात में तेजी से वृद्धि हो रही है. इसका मतलब है कि हमें भुगतान के लिए निर्यात से प्राप्त डॉलर से कहीं अधिक डॉलर की जरूरत है. सामान्य परिस्थितियों में भी भारत के पास डॉलर की संभालने लायक कमी रहती आयी है, जो अमूमन सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का एक से दो प्रतिशत होती है. आम तौर पर यह 50 अरब डॉलर से कम रहती है और आयात से अधिक निर्यात होने पर इसमें बढ़ोतरी होती है. इस कमी की भरपाई शेयर बाजार में विदेशी निवेश, विदेशी कर्ज, निजी साझेदारी या बॉन्ड खरीद से की जाती है. इस तरह से आनेवाली पूंजी हमेशा ही चालू खाता घाटे से अधिक रही है, जिससे भारत का 'भुगतान संतुलन' खाता अधिशेष में रहता है. विदेशी कर्ज और उधार से ही ऐसा अधिशेष रखना जरूरी नहीं कि अच्छी बात ही हो, खासकर तब दुनियाभर में कर्ज का दबाव है. लेकिन सामान्य दिनों में विदेशियों का आराम से भारतीय अर्थव्यवस्था को कर्ज देना उनके भरोसे का संकेत है.

यह सब तेजी से बदलने को है और भारत के विदेशी मुद्रा कोष के संरक्षक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चेतावनी का शुरुआती संकेत दे दिया है. अगर भाग्य ने साथ दिया और मान लिया जाये कि इस वित्त वर्ष में 80 अरब डॉलर की बड़ी रकम भी भारत में आये, तब भी भुगतान संतुलन खाते में 30–40 अरब डॉलर की कमी रहेगी. हमारा चालू खाता घाटा जीडीपी का 3.2 प्रतिशत तक होकर 100 अरब डॉलर के पार जा सकता है. विदेशी मुद्रा के इस अतिरिक्त दबाव को झेलने के लिए हमारा भंडार पूरा नहीं होगा. इसीलिए रिजर्व बैंक ने अप्रवासी भारतीयों से डॉलर में जमा को आकर्षित करने के लिए कुछ छूट दी है. इसने विदेशी कर्ज लेना भी आसान बनाया है तथा भारत सरकार के बॉन्ड के विदेशी स्वामित्व की सीमा भी बढ़ा दी है. इन उपायों का उद्देश्य अधिक डॉलर आकर्षित करना है. बढ़ते व्यापार और चालू खाता घाटा तथा इस साल चुकाये जाने वाले विदेशी कर्ज की मात्रा बढ़ने जैसे चिंताजनक संकेतों को देखते हुए ऐसे उपायों की जरूरत थी. भारत का कुल विदेशी कर्ज 620 अरब डॉलर है और इसमें से 267 अरब डॉलर आगामी नौ माह में चुकाना है. कम अवधि के कर्ज का यह अनुपात 44 प्रतिशत है और खतरनाक रूप से अधिक है. कर्ज लेने वाली निजी कंपनियों को या तो नया कर्ज लेना होगा या फिर भारत के मुद्रा भंडार से धन निकालना होगा. दूसरा विकल्प वांछित नहीं है क्योंकि मुद्रा भंडार घट रहा है और उसे बढ़ाने की जरूरत है. पहला विकल्प आसान नहीं होगा क्योंकि डॉलर विकासशील देशों में जाने के बजाय अमेरिका की ओर जा रहा है. किसी भी स्थिति में नये कर्ज पर अधिक ब्याज देना होगा, जिससे भविष्य में बोझ बढ़ेगा. रिजर्व बैंक की पहलें केंद्र सरकार द्वारा डॉलर बचाने के उपायों के साथ की गयी हैं. सोना पर आयात शुल्क बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है. बहुत अधिक मांग के कारण भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़ा आयातक है. शुल्क बढ़ाने से मांग कुछ कम भले हो, पर इससे तस्करी भी बढ़ सकती है. गैर–जरूरी आयातों पर कुछ रोक लगने की संभावना है ताकि डॉलर का जाना रुक सके. विदेशी मुद्रा और विनिमय दर का प्रबंधन रिजर्व बैंक की जिम्मेदारी है. अभी शेयर बाजार पर निवेशकों के निकलने के अलावा तेल की बढ़ी कीमतों के कारण भी दबाव है. इससे भारत का कुल आयात खर्च (सालाना 150 अरब डॉलर से अधिक) प्रभावित होता है तथा अनुदान खर्च भी बढ़ता है क्योंकि तेल व खाद के दाम का पूरा भार उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाता है. इस अतिरिक्त वित्तीय बोझ का सामना करने के लिए सरकार ने इस्पात और तेल शोधक कंपनियों के मुनाफे पर निर्यात कर लगाया है. इस कर से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व संग्रहण की अपेक्षा है. यह रुपये के मूल्य में गिरावट के असर से निपटने का एक अप्रत्यक्ष तरीका है. लेकिन निर्यात कर एक असाधारण और अपवादस्वरूप उपाय है तथा इसे तभी सही ठहराया जा सकता है, जब तेल की कीमतें बहुत अधिक बढ़ी हैं. भारत सरकार पर राज्यों को मुआवजा देने का वित्तीय भार भी है, जो वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में कमी के कारण देना होता है. राज्य सरकारों पर अपने कर्ज का भी बड़ा बोझ है और 10 राज्यों की स्थिति तो खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है, जो उनके दिवालिया होने का कारण भी बन सकता है. बाहरी मोर्चे पर रुपये पर दबाव केवल तेल की कीमतें बढ़ने से आयात खर्च में वृद्धि के कारण नहीं है. तेल और सोने के अलावा अन्य कई उत्पादों, जैसे– इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, कोयला आदि के आयात में अप्रैल से जून के बीच 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. जून में सोने का आयात पिछले साल जून से 170 प्रतिशत अधिक रहा था. यह देखना होगा कि अधिक आयात शुल्क से सोना आयात कम होता है या नहीं. भारतीय संप्रभु गोल्ड बॉन्ड खरीद सकते हैं, जो सोने का डिमैट विकल्प है और कीमती विदेशी मुद्रा भी बाहर नहीं जाती. सरकार को आक्रामक होकर बॉन्ड बेचना चाहिए. आगामी महीनों में घरेलू और बाहरी मोर्चों पर दोहरे घाटे के प्रबंधन के लिए ठोस उपाय करने होंगे. उच्च वित्तीय घाटा उच्च ब्याज दरों का कारण बनता है और उच्च व्यापार घाटा रुपये को कमजोर करता है.

**उदय समाचार**
**दैनिक**

**स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।**

**संपादक**
**उदय कुशवाहा**

Title Code - UPHIN49938

**नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।**

# शुभ योग के साथ हुई सावन की शुरुआत

आज 14 जुलाई दिन गुरुवार से सावन मास की शुरुआत हो गई है और सावन का पहला सोमवार 18 जुलाई को है। हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सावन मास भगवान शिव का सबसे प्रिय मास है और इस पूरे महीने हर तरफ हरियाली खिल उठती है। इस मास में भगवान शिव की आराधना करने पर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सावन मास की शुरुआत ही विष्कुंभ और प्रीति जैसे शुभ योग के साथ हो रही है। सावन मास में भगवान शिव की पूजा करने के लिए ये योग काफी खास माने गए हैं। सावन मास में शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने का भी विशेष महत्व है।

**सावन में इस बार 4 सोमवार**

आषाढ़ मास की पूर्णिमा अर्थात गुरु पूर्णिमा के अगले दिन से सावन मास की शुरुआत हो रही है। सावन मास की शुरुआत 14 जुलाई से हो रही है और समापन 12 अगस्त को होगा। सावन का पहला सोमवार 18 जुलाई, दूसरा सोमवार 25 जुलाई, तीसरा सोमवार 01 अगस्त और चौथा सोमवार 08 अगस्त को होगा। साथ ही सावन मास की शिवरात्रि 26 जुलाई 2022 को है। सावन मास के खत्म होने के बाद भाद्रपद मास की शुरुआत होगी।

**शुभ योग के साथ पहला सोमवार**

सावन मास के पहला सोमवार 18 जुलाई को है और इस दिन रवि नामक योग पड़ रहा है। शास्त्रों में रवि योग के बारे में बताया गया है कि इस योग में किसी मंत्र की साधना अधिक फलदायी होती है। इस योग में मनोकामना सिद्धि के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जप और शिव पुराण का पाठ बेहद लाभकारी रहेगा। साथ ही रवि योग में शिव परिवार की पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। इस दिन पंचमी तिथि होने की वजह से कुछ जगहों पर नाग पंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। यानी इस दिन भगवान शिव के साथ उनके सेवक नाग की भी पूजा होगी। इस दिन भगवान शिव को कच्चा दूध, गंगाजल, बेलपत्र, काले तिल, धतूरा, बेलपत्र, मिठाई आदि अर्पित करना चाहिए और विधिवत पूजा करनी चाहिए।

**सावन मास का महत्व**

शिव पुराण के अनुसार, सावन मास के सभी सोमवार का व्रत



करने से भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी कष्ट व परेशानी दूर होते हैं। सावन मास में अकाल मृत्यु दूर कर दीर्घायु की प्राप्ति के लिए तथा सभी व्याधियों को दूर करने के लिए विशेष पूजा की जाती है।

शास्त्रों के अनुसार, सावन मास में भगवान शिव की पूजा, महामृत्युंजय मंत्र, शिव पुराण का पाठ, रुद्राभिषेक आदि करने से कर्ज, रोग, बाधा व परेशानी और शोक से मुक्ति मिलती है।

# पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के दावे पर भाजपा ने मांगा जवाब, हामिद अंसारी ने दी सफाई

भाजपा ने बुधवार को एक पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के उन दावों को लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा, जिसमें पत्रकार ने कहा था कि उसने संप्रग सरकार के कार्यकाल में पाच बार भारत की यात्रा की और यहां से एकत्रित संवदेनशील सूचनाएं अपने देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई को उपलब्ध करायीं. भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा की उस कथित टिप्पणी का भी उल्लेख किया कि उन्होंने अंसारी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा की थी और उनसे मुलाकात भी की थी.

**हामिद अंसारी ने बयान जारी कर दी सफाई**


मुलाकात के दावे पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने एक बयान जारी किया है. उन्होंने बयान में कहा कि मैने कभी पाकिस्तानी पत्रकार को नहीं बुलाया न ही मै उनसे कभी मिला हूं. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह मीडिया और भाजपा द्वारा झूठ फैलाया जा रहा है. 11 दिसंबर 2010 को आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ जूरिस्ट के उद्घाटन के मौके पर हुई मुलाकात के दावे पर उन्होंने कहा कि सरकार की सलाह पर विदेश मंत्रालय द्वारा मेहमानों को बुलाया जाता है. वहीं, कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजकों द्वारा मेहमानों की सूची तैयार की जाती है.

**दुनिया ने मेरे काम को सराहा- अंसारी**

बयान में अंसारी ने लिखा कि बतौर भारत के उपराष्ट्रपति विदेशी मेहमानों को बुलाने का फैसला सरकार की होती है. वहीं, ईरान में भारत का राजदूत रहने के दौरान मेरे कामकाज सरकार की जानकारी में है. उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा को लेकर मैं प्रतिबद्ध हूं और ऐसे बयानों से खुद को दूर रखता हूंः मुझे संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी सदस्य भी बनाया गया था,जहां मेरे काम को दुनिया ने सराहा है.

**भाजपा ने साक्षात्कार के वीडियो का दिया हवाला**

भाटिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल मिर्जा के साक्षात्कार के वीडियो से पता चलता है कि उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत में आयोजित एक सेमिनार में हिस्सा लिया था, जिसे अंसारी ने भी संबोधित किया था. भाटिया ने



कहा, भारत के लोग आपको इतना सम्मान दे रहे हैं और आप देश को धोखा दे रहे हैं. क्या यह देशद्रोह नहीं है? उन्होंने कहा कि मिर्जा ने पाकिस्तान में एक साक्षात्कार में दावा किया है कि अंसारी ने 2005–11 के दौरान उन्हें पांच बार भारत आमंत्रित किया था और बेहद संवेदनशील और गोपनीय जानकारी साझा की थी.

# श्रीलंका में इमरजेंसी, राष्ट्रीय टीवी चैनल का प्रसारण बंद, फायरिंग

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ते ही कोलंबो में हंगामा शुरू हो गया है. प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गये हैं. उग्र भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े गये हैं. कोलंबो में प्रधानमंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में सैन्य कर्मियों की तैनाती की गयी है. मौके पर प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं. देश में बढ़ते आक्रोश के बाद श्रीलंका में इमरजेंसी लागू कर दिया गया है.

यहां चर्चा कर दें कि श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया बुधवार को सेना के एक विमान से देश छोड़कर मालदीव पहुंच चुके हैं. देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण उनके और उनके परिवार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बीच राजपक्षे ने बुधवार को इस्तीफा देने की घोषणा की थी.

**राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल ने प्रसारण बंद किया**

श्रीलंका के राष्ट्रीय टेलीविजन चौनल ने प्रसारण बंद किया गया है. लोग सड़क पर नजर आ रहे हैं. प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए हवाई फायरिंग भी की गयी है. हजारों प्रदर्शनकारी संसद भवन के सामने जुट गये हैं.

**श्रीलंका में इमरजेंसी**

श्रीलंका में इमरजेंसी की घोषणा कर दी गयी है. राष्ट्रपति राजपक्षे के भागने के बाद श्रीलंका में इमरजेंसी का ऐलान किया गया है. श्रीलंका में विदेश मंत्रालय के पूर्व सलाहकार हरीम पीरिस ने बताया कि जब प्रदर्शनकारी यहां आ रहे थे तब उन पर आंसू गैस के गोले दागे गये. प्रदर्शनकारी अब प्रधानमंत्री के आवास के प्रवेश द्वार की ओर जा रहे हैं, स्पेशल फोर्स, आर्म्ड फोर्स को भी सड़कों पर उतार दिया है.

**पीएम आवास का सुरक्षाघेरा तोड़ा गया**

उग्र भीड़ ने पीएम आवास का सुरक्षाघेरा तोड़ दिया है. पीएम रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ध्ट्रपति बनाये गये हैं. हेलिकॉप्ष्टर से प्रदर्शनकारियों की निगरानी की जा रही है. श्रीलंका के प्रधानमंत्री कार्यालय के हवाले से खबर आयी कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश से भाग जाने के बाद श्रीलंका ने आपातकाल की घोषणा की है.

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के मालदीव भाग जाने के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में आपातकाल की स्थिति घोषित की.

**प्रदर्शनकारियों ने सेना के वाहन को रोका**

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ने की खबर जैसे ही लोगों को मिली, वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे. हजारों प्रदर्शनकारी संसद की ओर बढ़ रहे हैं. प्रदर्शनकारियों ने सेना के वाहन को रोक दिया है. भीड़ पीएम आवास की ओर भी बढ़ रही है.

**श्रीलंका वायु सेना का बयान**

श्रीलंका की वायु सेना की ओर से एक संक्षिप्त बयान जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि 73 वर्षीय नेता अपनी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों के साथ सेना के एक विमान में देश छोड़कर चले गये हैं. बयान में कहा गया है कि सरकार के अनुरोध पर और संविधान के तहत राष्ट्रपति को मिली शक्तियों के अनुसार, रक्षा मंत्रालय की



पूर्ण स्वीकृति के साथ राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों को 13 जुलाई को कातुनायके अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से मालदीव रवाना होने के लिए श्रीलंकाई वायु सेना का विमान उपलब्ध कराया गया.

# अखिलेश के अधूरे वादे पर चाचा शिवपाल ने तोड़ी चुप्पी, मुर्मू पर भी दिया बयान

समाजवादी पार्टी के एमएलए शिवपाल यादव ने अखिलेश के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वह पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपेक्षा के चलते वह जल्द ही पूरे राज्य में अपनी प्रगतिशील समाज पार्टी के संगठन को सक्रिय करेंगे और यूपी में होने वाले महापौर एवं नगर निकायों के चुनावी दंगल में उतारेंगे। शिवपाल यादव बुधवार को शास्त्री नगर में प्रसपा के राष्ट्रीय महासचिव चक्रपाणि यादव के घर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान शिवपाल यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव उसे मनाने के लिए घर पर आए थे और साथ ही चुनाव लड़ने एवं भविष्य में सम्मान देने की बात कहकर तैयार किया था। वे अखिलेश की बात में आकर सपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे। मगर चुनाव के बाद फिर से पार्टी में उनकी घोर उपेक्षा की जा रही है। पार्टी के किसी बैठक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जा रहा है। शिवपाल ने कहा कि रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में उन्हें स्टार प्रचारक भी नहीं बनाया गया। जबकि पार्टी में नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के बाद वे (शिवपाल) ही सबसे वरिष्ठ और पुराने नेता हैं। शिवपाल ने दावा किया कि यदि उन्हें स्टार प्रचारक बनाया जाता, तो आजमगढ़ सीट सपा के पास होती। शिवपाल यादव ने कहा कि सपा प्रमुख द्वारा अभी तक राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन देने को लेकर उनसे बात नहीं की गई। इसीलिए उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला लिया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह 2 माह के भीतर, देश और प्रदेश में अपने संगठन को फिर से सक्रिय करेंगे। इस साल यूपी में होने वाले नगर निकायों के चुनाव में सभी स्थानों पर महापौर, पार्षद



और सभासदों तक के चुनाव में उम्मीदवार उतारेंगे।

# 18 से 59 साल के लोग सरकारी केंद्रों पर मुफ्त लगवा सकेंगे कोविड टीके की एहतियाती खुराक

अगर आपने अब तक कोरोनावायरस से प्रतिरोधक क्षमता देने वाले वैक्सीन की एहतियाती खुराक या बूस्टर डोज नहीं लगवायी है, तो तैयारी कर लीजिए. सरकारी केंद्रों पर जल्दी ही बूस्टर डोज की खुराक दी जायेगी. 18 साल से 59 साल की उम्र का कोई भी व्यक्ति सरकारी केंद्रों पर एहतियाती टीका ले सकेगा. केंद्रीय कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है.

**15 जुलाई से हो सकती है मुफ्त टीका लगवाने की शुरुआत**

जी हां, इस आयुवर्ग के लोग सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड टीके की ऐहतियाती या तीसरी खुराक मुफ्त लगवा सकेंगे. 75 दिन के एक विशेष अभियान के तहत ऐसा किया जायेगा. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी.

**जागरूकता बढ़ाने के लिए दी जायेगी बूस्टर डोज**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कोविड वैक्सीन की ऐहतियाती खुराकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत अभियान चलाया जायेगा. बता दें कि अभी तक 18 से 59 साल की 77 करोड़ पात्र आबादी में से एक प्रतिशत से भी कम को एहतियाती खुराक दी गयी है.

**16 करोड़ लोगों ने ली है बूस्टर डोज**

हालांकि 60 साल से अधिक उम्र के लगभग 16 करोड़ लोगों तथा स्वास्थ्यकर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में से करीब 26 प्रतिशत लोग बूस्टर खुराक ले चुके हैं. भारत की अधिकांश आबादी ने नौ महीने पहले अपनी दूसरी खुराक लगवा ली थी.

**बूस्टर डोज से बढ़ती है प्रतिरोधक क्षमता**

आईसीएमआर और अन्य अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों में किये गये अध्ययनों से पता चला है कि टीके की दो शुरुआती खुराक लेने के बाद करीब छह महीने में एंटीबॉडी का स्तर कम होने लगता है. बूस्टर खुराक लेने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है.'



# जवाहर पार्क में पौधरोपण अभियान शुरू कर लोगों को किया गया जागरूक

कानपुर । बुधवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर शास्त्री नगर स्थित जवाहर पार्क में पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने पौधेरोपण किया। पौधे गायत्री परिवार के सहयोग से लगाए गए। शास्त्री नगर पार्षद राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि ये पार्क कूड़े कचरे व गंदगी व अतिक्रमण का शिकार था।इस पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराकर नगर निगम के सहयोग से बनाया गया है। आज जवाहर पार्क को हरा भरा करने के उद्देश्य से पौधरोपण कराकर 200 पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण अभियान के तहत आम, पीपल, नीम, अमरूद, शमी, जामुन, बोटल पाम, अशोक के पौधे लगाए गए।



इस मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि शहर को हरा–भरा बनाने के लिए वार्ड में इस तरह पार्क को डेवलप करना सुखद है। इस मौके पर आरपी लाल श्रीवास्तव, संजय, राकेश अवस्थी, डा. राधा शाक्य, आशीष दुबे, विजय आर्या, प्रेम कुमार साहू, विकास सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम, सफाई न मिलने पर सैलरी काटने के आदेश

कानपुर । शहर में मानसून के चलते जहां सड़कों को जल्दी बनाने का दबाव है। वहीं ठेकेदार काम में धीमी रफ्तार से विकास कार्यों को पीछे धकेल रहे हैं। बुधवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने निरीक्षण के दौरान धीमी गति से कार्य करने वाले ठेकेदारों को 48 घंटे में काम को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। जोन–6 के अन्तर्गत सर्वोदय नगर में नवनिर्मित हो रही आरपी सिंह के मकान से 117/106 बी–09 तक सड़क, फुटपाथ और नाली के सुधार कार्य नगर निगम ठेकेदार से करा रहा है। ठेकेदार ने सड़क पर मिट्ध्टी डालकर छोड़ दिया है। कार्य की धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त ने 48 घंटे में कार्य पूरा करने की चेतावनी दी।इसी प्रकार सर्वोदय नगर में ही दिल्ली पब्लिक स्कूल से एन्जल आई हास्पिटल तक सड़क, फुटपाथ और नाली का सुधार कार्य किया जा रहा है। यहां भी कार्य को लेकर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। देवकी चौराहे से कुलवन्ती होते हुए छपेड़ा पुलिया तक जगह–जगह नगर आयुक्त को गंदगी मिली। हरि गेस्ट हाउस के पास के कूड़ाघर में कूड़ा सड़क तक पाया गया। मौके पर नगर आयुक्त ने सफाई पर्यवेक्षक विजय शंकर और सफाई नायक सन्तोष की एक दिन की सैलरी काटने और सफाई निरीक्षक दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जोनल स्वच्छता अधिकारी अशोक कुमार को रोजाना निरीक्षण करने के लिए कहा। छपेड़ा से 9 नंबर गुमटी तक सड़क के दोनों नालों का नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। जेडएसओ–6 ने बताया कि नाला पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया गया है। ये नगर निगम को हैंडओवर नहीं है। मौके पर नाला भरा हुआ मिला। बारिश के ये नाला जलभराव का बड़ा सबब बन सकता है। ऐसे में नगर आयुक्त ने तत्काल इसकी सफाई के निर्देश दिए।



# चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर की नगदी व जेवरात समेत लाखों की चोरी

फतेहपुर । जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने घर में छत के रास्ते से घुसकर नगदी व जेवरात समेत लाखों रुपए की संपत्ति पार कर दिया बताते चलें कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के बंथरा गांव निवासी हलीम खान के घर मैं अज्ञात बदमाशों ने छत के रास्ते से घुसकर ध145000 नगद व जेवरात समेत लाखों रुपए की संपत्ति पार कर ले गए गृह स्वामी ने बताया कि घर के छत के ऊपर जो दरवाजा लगा था उसकी कुंडी काटकर घुसे थे और घर में रखे सारे बक्सो के कुंडे कटे थे और अलमारी भी कटी थी जिसमें रखे लाखों के जेवरात व नगदी पार कर ले गए बुधवार सुबह जब गृह स्वामी ने घर में घुसकर




देखा तो उसके घर के सारे दरवाजे खुले पड़े थे और बक्सों के ताले टूटे हुए पड़े थे इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर प्रार्थना पत्र देने को कहा जिसमें गृह स्वामी ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को सूचना दी थानाध्यक्ष ने बताया कि बंथरा गांव निवासी हलीम खान के घर में जेवरात समेत लाखों की चोरी हो गई है तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है चोरों की तलाश की जा रही है ।

# ईट लदी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसा डंपर, चालक घायल

## क्रेन की मदद से वाहनों को किनारे करा कर शुरू कराया यातायात

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा में स्टेशन रोड के पास तेज रफ्तार डंपर रोड किनारे खड़ी ईट लदी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी, कि डंपर के परखच्चे उड़ गए। वही ट्रैक्टर ट्राली हाइवे पर पलट गई। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। रहगीरो ने डायल 112 पर पुलिस को घटना को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को किनारे करवाकर यातायात बहाल करवाया है। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के निबियाखेड़ा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक सुरेंद्र ने बताया कि उनके साथ भदवारा गांव निवासी सोहन दोनो अपने अपने ट्रैक्टर ट्राली में एक साथ मूसानगर स्थित एक ईंट भट्ठे से ईंट लादकर कानपुर जा रहे थे। तभी पतारा कस्बा स्थित स्टेशन रोड के पास पहुंचते ही दोनों ने ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली रोड किनारे खड़ी कर चाय पी रहे थे। इस दौरान घाटमपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर के परखच्चे उड़ गए। वही ट्रैक्टर ट्राली हाइवे पर पलट गई। हादसे में डंपर चालक बस्ती के बाल्डर गंज निवासी अमित घायल हो गए। यहां से निकल रहे राहगीरों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घायल को पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। वही पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को किनारे करवाकर यातायात बहाल कराया। मामले में पतारा चौकी इंचार्ज विनीत मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिली थी। वाहनों की किनारे करवाया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



# दिव्यांग रिक्शा चालक को बदमाशों ने पीटा, रिक्शा लेकर हुए फरार

## रिक्शा चालक ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

फतेहपुर । जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग रिक्शा चालक को बदमाशों ने पीट कर घायल कर दिया और रिक्शा लेकर फरार हो गए रिक्शा चालक ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है बताते चलें कि चांदपुर थाना क्षेत्र के ऊदूपुर गांव निवासी राम कुमार गुप्ता जो कि विकलांग हैं वह रिक्शा चलाकर अपनी रोजी–रोटी चलाते थे रिक्शा चालक ने बताया कि दो बदमाश सवारी बनकर चांदपुर के लिए बैठे थे जो बाबूपुर गांव के समीप रोक कर जमकर पिटाई कर दी और रिक्शा छीन कर भाग निकले रिक्शा चालक ने चांदपुर पुलिस को तहरीर दी है कि दो अज्ञात बदमाशों द्वारा



मारपीट कर रिक्शा छीन कर ले गए हैं इस मामले में रिक्शा चालक ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है थानाध्यक्ष ने बताया कि दो अज्ञात बदमाशों द्वारा रिक्शा चालक को पीटकर रिक्शा चोरी कर ले जाने की तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है बदमाशों की तलाश की जा रही है ।

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, घाटों पर उमड़ी भीड़

कानपुर । बुधवार को नरवल के ढोढ़ी घाट व नजफगढ़ घाट में गुरु पूर्णिमा के सुअवसर पर दूर दूर से दूर आकर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने गरीबों को दान कर मंदिरों में पूजा अर्चना की। बताते चलें कि आषाढ़ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन चारों वेदों का ज्ञान देने वाले महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। मानव जाति के प्रति उनके योगदान को देखते हुए उनके जन्मोत्सव को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वेद व्यास ने ही पहली बार मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान दिया था। इसलिए इन्हें प्रथम गुरु की उपाधि दी जाती है। पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की पूजा का भी विशेष महत्व होता है। गुरु पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

भगवान विष्णु और वेदों की पूजा करें। फिर अपने गुरु का तिलक करें, माला पहनाएं। अपनी क्षमता के अनुसार उपहार देकर गुरु का सम्मान करें। गुरु पूर्णिमा में सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए महाराजपुर पुलिस प्रशासन नरवल क्षेत्र के समस्त घाटों में उपस्थित रहा। सतीश सिंह राठौर थानाध्यक्ष महाराजपुर के साथ समस्त पुलिस बल तैनात रहा।



# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

## सहेलियों ने स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने स्कूल जा रही छात्रा को टक्कर मार दी जिसमे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है बताते चलें कि ललौली कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप स्कूल जा रही छात्रा रश्मि देवी उम्र 18 वर्ष पुत्री राम लाल निवासी जाफराबाद जो कि नेहरू इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा है जो सुबह अपने नियमानुसार स्कूल जा रही थी तभी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर



मार दी जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई साथ में जा रही सहेलियों ने छात्रा को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर रश्मि का इलाज किया जा रहा है ।

# विधायक ने अमृत सरोवर तालाबों का किया भूमि-पूजन

## ग्रामीणों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

कानपुर । घाटमपुर विधायक ने पतारा ब्लॉक क्षेत्र के तीन गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही अमृत सरोवर योजना के तहत तीन तालाबों के सुंदरीकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत गांव–गांव तालाबों को कब्जा मुक्त करवाकर उनका सुंदरीकरण कराया जा रहा है।

इस योजना के तहत जल संरक्षण कर रोजाना घट रहे वाटर लेबल को बराबर लाना है। इस योजना के तहत गावों में सरकारी तालाब भी कब्जा मुक्त होंगे वही जल संरक्षण के साथ तालाब के किनारे साफ सफाई भी रहेगी । बुधवार को पतारा ब्लॉक के तिलसडा, मछैला, पतरसा गांव विधायक सरोज कुरील पहुंची। यहां



माल्यार्पण कर ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने अमृत सरोवर तालाबों का भूमि पूजन किया।

इन तालाबों के किनारे इंटरलकिंग के साथ बैठने के लिए सीटो की व्यवस्था भी होगी। इस दौरान यहां पर ग्राम प्रधान मोहन सिंह, सुरेश सिंह, अजय दिवाकर, समेत प्रमुख पति अजय सिंह, पूर्व प्रधान ज्ञानेद्र साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# बुजुर्ग दंपत्ति के साथ हुई मारपीट, पुलिस से की गई शिकायत

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा चौकी अंतर्गत जहांगीराबाद गांव निवासी बुजुर्ग ने कोतवाली में कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र दिया है, जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद गांव निवासी रमाकांत तिवारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार को दोपहर के बाद जब वह हैंडपंप की सफाई कर रहा था, तभी रंजिश के चलते संतोष कुमार पुत्र काली प्रसाद, शुभम पुत्र संतोष कुमार निवासी



जहांगीराबाद उसे ,उसकी पत्नी तथा बेटी शिवानी को भी जमकर पीटा जिससे शिवानी के हाथ में आई गंभीर चोटे व मारपीट करते हुए गिरा दिया, वहीं बुजुर्ग दंपत्ति ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए उपरोक्त के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

# गुरु पूर्णिमा पर बच्चों ने अध्यापिकाओं को किया सम्मानित

## मां योग कृपा सेवा समिति का मनाया गया वार्षिकोत्सव

उदय समाचार । कानपुर । मां योग कृपा सेवा समिति का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया । मीडिया से बातचीत पर संस्था ने उद्देश्य के बारे में व किस क्षेत्र में कार्य करती है, यह बताया की हमारी संस्था 18 जुलाई सन 2018 से संचालित है जिसमें कि गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है। एवं शिक्षा संपूर्ण करने के लिए दूसरे विद्यालयों में संस्था बच्चों का एडमिशन भी अपनी तरफ से कराती है। यह एक सराहनीय पहल संस्था के द्वारा चलाया जा रहा है, जिससे कि जो बच्चे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार हैं अपने बच्चों को पढ़ा लिखा नहीं सकते है। संस्था बच्चों के भविष्य को उज्जवल व सुनहरा बनाने के प्रयास करती है।

कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर डॉ सुधीर शर्मा, योग गुरु संजय श्रीवास्तव, डॉ सुधा गुप्ता,ए एस अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र बाजपेई, उपाध्यक्ष बीना गुप्ता, सचिव सारिका श्रीवास्तव, रजनी, अलका, उर्मिला, सी पी मिश्रा, पुष्पा गुप्ता, आकाश, तुषार, पुष्पा व विनय प्रकाश मिश्रा आदि सम्मिलित रहे।



# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह आज करेंगे श्रावस्ती का दौरा

श्रावस्ती । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार राव इंद्रजीत सिंह के आगमन को लेकर जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में तैयारी बैठक की गयी। तैयारी बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि श्रावस्ती उत्तरप्रदेश के अक्षांत्मक जिलों की श्रेणी में आता है जिस कारण लगातार केंद्र सरकार द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप सांसद व मंत्रियों को जनपद के विकासकार्यों तथा अपेक्षाओं को जानने के लिए निरंतर प्रवास करवाया जाता दिनांक 14 जुलाई को सांख्यिकी कार्यक्रम क्रियांवयन एवं योजना मंत्रु स्वतंत्र प्रभार, भारत सरकार का आगमन हो रहा है। 14 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा इकौना क्षेत्र के मछुआरा समाज के घर भोजन किया जाएगा। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ।

बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा राप्ती बैराज पर सरयू परियोजना का निरीक्षण किया जाना है और सांय 5 बजे जिला कलेक्ट्रट सभागार में प्रेस वार्ता कर सरकार की भविष्य की योजनाएं और कार्यों से अवगत कराया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रवास हेतु जिले के विभिन्न पदाधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा गया और प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी पदाधिकारियों



को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दिवाकर शुक्ला, पुरुषोत्तम कौशल, रमन सिंह, प्रहलाद शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, अरुण पाण्डेय, पूजा गुप्ता, नेकराम पाण्डेय, अनिल मिश्रा आदि अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने गांवों में देखे विकास कार्य, बाढ़ से बचाव की तैयारियों का लिया जायजा

औरैया । जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने यमुना नदी के किनारे पर स्थित दो गांव जुहीखा और बड़ी गूंज का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए। इसमें उन्होंने बाढ़ से संबंधित बचाव एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जुहीखा के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 45 पाई गई। विद्यालय में कक्षा 4 के एक छात्र से उन्होंने 18 का पहाड़ा भी पूछा। साथ ही वहां पर चल रही शिक्षा व्यवस्था को लेकर पूछताछ की। विद्यालय के रसोईघर में खान–पान की व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त की। आंगनवाड़ी में 12 गर्भवती महिलाएं, सात धात्री महिलाएं पाईं गईं। गांव के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने यमुना नदी का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने बाढ़ आने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुचारु करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ के समय बिजली व्यवस्था, औषधि व्यवस्था एवं नावों की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम जुहीखा के लोगों से बातचीत की। उन्होंने सरकार की ओर से चल रहीं योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभ की भी जानकारी ली।

कई लोगों ने विकलांग पेंशन योजना न मिलने की शिकायत की। इसके संबंध में उन्होंने त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश



दिए। साथ ही बिजली व्यवस्था सुचारु किए जाने और सुविधा को लेकर तुरंत व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपकेंद्र जुहीखा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों को सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ साधु संत सम्मान कार्यक्रम

श्रावस्ती । भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई द्वारा विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम द्वारा जमुनहा क्षेत्र के भट्टा बाबा कुट्टी पर पहुंचकर साधु संतों का अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया तथा कुट्टी पर सेवाकार्य किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहाकि भारत देश के मूल में ही साधु संतों के ही पुण्यों और आदिकाल से चल रही इस आध्यात्मिक परंपरा का सम्मान करना है। भारत को सदैव ऋषियों मुनियों और संतों की भूमि कहा गया है। वर्तमान में भाजपा सरकार किसी भी ऐसे पुनीत अवसर पर सनातन के सम्भावक इन संतों का आशीर्वाद लेने नही भूलती। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल द्वारा सिरसिया क्षेत्र की दुधवनिया कुट्टी के महाराज का सम्मान किया तथा कुट्टी पर साफ सफाई कर सेवा कार्य किया। विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय द्वारा गिलौला क्षेत्र के झारखंडी महादेव मंदिर पर पहुंचकर मंदिर पर उपस्थित साधु संतों का सम्मान किया तथा सेवा कार्य किया। विधायक श्रावस्ती ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने सदैव देश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत को सहेजने तथा उसका संवर्धन जो इसकी चिन्ता की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तरप्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की देखरेख में अयोध्या में भगवान श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर निर्माण, काशी विश्वनाथ का सर्वांगीण विकास तयह मथुरा के चौमुखी सहित बहुत से ऐसे कई धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थानों का



जीर्णोद्धार किया। इन्ही सभी स्थानों, मठों और मंदिरों से ही गुरु शिष्य की गौरवपूर्ण परंपरा की शुरुआत और विस्तार होता है। इसी प्रकार सभी मण्डलों के देवालयों, मठों और मंदिरों यह कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान दिवाकर शुक्ला, पुरुषोत्तम कौशल, राम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, माधवराम वर्मा, पृथ्वी राज वर्मा, राकेश प्रताप सिंह, महाराज प्रकाश तिवारी आदि द्वारा स्थानीय मंदिरों पर संतों का सम्मान किया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित, विद्यालय संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि

औरैया । बिधूना में पूर्व ब्लाक प्रमुख और जनता इंटर कालेज के संस्थापक स्व. राजा उदय प्रताप सिंह सेंगर की 12वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से हवन के बाद मेधावी छात्र–छात्रात्रों को सम्मानित किया गया। सोहनी गांव में जन्में राजा उदय प्रताप सिंह सेंगर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने रूरूगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार के लिए जनता इंटर कालेज की स्थापना की। मृत्यु के समय तक वह उसके प्रबंधक भी रहे। स्व. सिंह पहले ऐरवाकटरा एवं बाद में बिधूना ब्लाक के प्रमुख बने। उनकी मृत्यु 13 जुलाई 2010 को हुई थी। बुधवार को उनकी पुण्यतिथि पर जनता इंटर कालेज में हवन किया गया। वक्ताओं ने स्व. सिंह के व्यक्तिृत्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विद्यालय के इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में प्रथम पांच स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक नीरज सिंह ने सभी का आभार जताया।



# परिजनों के साथ बक्सर घाट गंगा नदी नहाने गए किशोर की डूब कर मौत

उन्नाव । बक्सर घाट पर किशोर गंगा नदी में डूब गया। वह गुरु पूर्णिमा पर परिवार संग गंगा स्नान करने आया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों व गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। चौबेपुर आउटर के रहने वाले विजय कुमार शुक्ल रोहित प्राइवेट कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। विजय अपने परिजनों के साथ बुधवार को बक्सर घाट पर गंगा स्नान करने आए थे। स्नान करते समय उनका बेटा अर्पण शुक्ल(17वर्ष ) पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। अर्पण तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो बड़े भाई रजत व रचित हैं। बेटे की मौत से मां व अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष राज बहादुर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने दो महिलाओं को कुचला, मौके पर मौत

हमीरपुर । जिले के कानपुर–सागर हाईवे पर कुछेछा चौकी के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे जा रही महिलाओं को कुचल दिया। इस हादसे में एक महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी महिला के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब सात बजे हाईवे पर पिता की मौत हो जाने पर कुछेछा निवासी सुशीला (50) पत्नी पालटुराम निषाद और राधारानी (55) अयोध्या प्रसाद के साथ सड़क किनारे फुटपाथ से जा रही थीं। इसी दौरान कानपुर से भरुआ सुमेरपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने महिलाओं को कुचल दिया। इसमें सुशीला की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, राधा रानी को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। शहर कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है। पंचनामा भरकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# मंदिर का ताला तोड़कर एक कुंतल पीतल के घटे चोरी, जांच में जुटी पुलिस

उन्नाव । जनपद में चोर शीतला देवी मंदिर से एक कुंतल पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह जब पुजारी पूजा करने पहुंचे तो जानकारी हुई। इस पर उन्होंने आसपास के लोगों को बताया। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सूचना दी। जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बाईपास के पास प्रसिद्ध माता शीतला देवी मंदिर बना है। इसके पुजारी अहिरन पुरवा गांव निवासी बलराम हैं। बीती रात को पुजारी मंदिर में आरती करने के बाद तालाबंद कर अपने घर चला गए। सुबह गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान के बाद वह मंदिर की साफ–सफाई और पूजा के लिए पहुंचे। उन्हें मंदिर



के पूर्वी द्वार का ताला टूटा मिला। मंदिर के अंदर लोहे की छड़ में टंगे करीब एक कुंतल पीतल के घंटे गायब मिले। चोरों ने मंदिर प्रांगण स्थित कमरे का ताला भी तोड़ने की कोशिश की। चोरी किए गए माल की कीमत करीब 40 हजार रुपए है। पुजारी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुजारी सहित कई लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली।

# एसएसबी ने बरामद किया नेपाल भेजा जा रहा कपड़ा, अवैध रास्ते से हो रहा था कारोबार

महराजगंज । जनपद के सोनौली सीमा क्षेत्र में कपड़ा तस्करी के संगठित गिरोह को तगड़ा झटका लग है। एसएसबी 66वीं बटालियन के जवानों और कस्टम की संयुक्त टीम ने नौतनवा बाईपास पर तस्करी के कपड़े से लदी तीन पिकअप को पकड़ लिया। तस्करी का यह कपड़ा अवैध रास्ते से नेपाल भेजने की तैयारी थी। कपड़े की यह खेप सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदी डाली गांव के रास्ते नेपाल ले जाने की तैयारी थी। चर्चा है की तस्करों ने कपड़ा तस्करी के लिए करीब ढाई लाख रुपए की घूस की रकम बांटी थी। लेकिन एसएसबी जवानों ने तस्करों की लाइन फेल करते हुए उन्हें एक बड़ा सबक सिखा दिया। एसएसबी अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कपड़े की एक बड़ी खेप हरदी डाली गांव के रास्ते नेपाल जाने वाली है। जिस पर हरदी डाली चौकी एसएसबी निरीक्षक रघुनाथ प्रसाद ने कस्टम विभाग से संपर्क कर एक संयुक्त टीम बनाई। मिली सूचना के आधार पर नौतनवा बाइपास पर घेराबंदी कर कपड़ा लदी तीन पिकअप पकड़ लिया। बरामद कपड़ों में 6848 लेडीज सूट और 2320 सलवार हैं।

जिनकी कुल कीमत लाखों रुपए में आंकी गई है। एसएसबी जवानों ने पिकअप चालक मोहम्मद शेष निवासी बरवाभोज, गोविंद व मुस्तफा निवासी कस्बा नौतनवा को हिरासत में लेकर कस्टम के सुपुर्द कर दिया है।



## 'बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना का साक्षात्कार 25 जुलाई को'

'हमीरपुर'– जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि जनपद में संचालित बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में निवास कर रहे इच्छुक लाभार्थियों के,जो स्वयं का व्यवसाय या सेवा उद्योग करना चाहते हैं, के आवेदन पत्र लिये गए थे।

बाबासाहेब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आवेदन करने वाले व्यक्तियों को सूचित करते हुए उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई 2022 को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एवं कियान्वयन समिति द्वारा लिया जायगा । उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों को मार्गनिदेशिका के अनुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त को अपनाते हुये विकासखण्ड में रक्षित पंजिका में अंकन कराते हुये मानक व निर्धारित शर्तों के अनुसार पूर्ण आवेदनपत्रों की सूची (हार्ड एवं साफ्ट कापी. एम०एस०ऐक्सल) पर निर्धारित प्रारूप पर जिला विकास कार्यालय को विलम्बतम दिनांक 21 जुलाई 2022 तक प्रेषित कंराते हुये उक्त साक्षात्कार की तिथि को सहायक विकास अधिकारी आईएसबी को समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें व पात्र लाभार्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से सूचित भी करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में टेनरी कर्मी की मौत, बगीचे में मिला शव

कानपुर । चकेरी अहिरवां में बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक बगीचे में एक टेनरी कर्मी का शव पड़ा मिला। उसे देखकर इलाके के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं रहीं । अहिरवां स्थित रामनगर निवासी मुन्नी लाल का बेटा अजय (22) उर्फ राका जाजमऊ स्थित किसी टेनरी में काम करता था। अजय मंगलवार शाम घर से निकला था। वह रात को घर नहीं लौटा था। बुधवार सुबह उसका शव घर के पास बगीचे में लोगों ने पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस पर अहिरवां चौकी इंचार्ज राजेश मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों के साथ आसपास लोगों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि अजय का घर आने जाने का कोई ठिकाना नहीं रहता था। वह घर पर कम ही रहता था। लोगों ने बताया है कि वह नशे का लती भी था।

वहीं, हत्या की आशंका पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अहिरवां चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजन किसी प्रकार का आरोप नहीं लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इसके बाद आगे



कार्रवाई की जाएगी।